



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 09 जनवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 121 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया









# ईडी के एक्शन पर घमासान

## दिल्ली में टीएमसी सांसदों ने दी गिरफ्तारी





**नई दिल्ली। गुरुवार को कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय की टीम द्वारा I-PAC के खिलाफ छापेमारी का मामला गरमाता जा रहा है। टीएमसी इसे लेकर जहां केन्द्र सरकार पर हमलावर है वहीं भाजपा भी अब आक्रामक रुख अपना रही है।**

टीएमसी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां चुनाव से पहले पार्टी के रणनीतिक दस्तावेजों तथा डेटा को हाथ लगाने की कोशिश कर रही हैं, जिससे राजनीतिक माहौल और गरमाया गया है। पार्टी का कहना है कि यह कार्रवाई चुनाव वर्ष में राजनीतिक दबाव पैदा करने की साजिश का हिस्सा है। आज सुबह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओ ब्रायन, महुआ मोइत्रा समेत आठ सांसदों को पुलिस ने उस समय हिरासत में लिया जब सुबह पार्टी के सांसदों ने दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन किया। डेरेक ओ ब्रॉयन, महुआ मोइत्रा, कीर्ति आजाद नारेबाजी करते नजर आए। सांसदों ने बंगाल मोदी-शाह की गंदी चालें नहीं चलेंगी के नारे लगाए। उधर ममता बनर्जी ने आज कोलकाता में एक बड़ी रैली की घोषणा की है, जिसमें वे खुद नेतृत्व करेंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के बाद टीएमसी सांसदों को संसद स्ट्रीट पुलिस थाने ले जाया गया। पुलिस ने सांसदों को हिरासत में लेकर थाने में रखा और मामले की जांच शुरू कर दी है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा 'हम भाजपा को हराएंगे। पूरा देश देख रहा है कि दिल्ली पुलिस एक चुने हुए सांसद के साथ कैसा व्यवहार कर रही है।' वहीं सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा 'आप देख रहे हैं कि यहां सांसदों के साथ क्या हो रहा है। टीएमसी सांसदों को कुछ समय बाद छोड़ दिया। टीएमसी सांसदों ने बताया कि वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध कर रहे थे।

महुआ मोइत्रा ने कहा कि ईडी ने टीएमसी के चुनावी दस्तावेज और डाटा जब्त करने की कोशिश की। उन्होंने यह भी पूछा कि ईडी का कार्य केवल विपक्ष पर क्यों केंद्रित है और किसी अन्य विपक्षी नेता में इतनी हिम्मत क्यों नहीं है कि वे ममता बनर्जी की तरह अपने दस्तावेजों की रक्षा कर सकें।

मालूम हो कि पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में गुरुवार सुबह उस वक्त हंगामा मच गया, जब तृणमूल कांग्रेस के लिए काम करने वाली राजनीतिक परामर्श फर्म I-PAC पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी सामने आई। ईडी ने आईपैक के ऑफिस और फर्म के मुखिया प्रतीक जैन के घर पर छापा मारा, जिसके बाद अब प्रतीक जैन के परिवार ने दस्तावेज चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

**भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य का कटाक्ष**

दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर टीएमसी सांसदों के विरोध प्रदर्शन पर पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और सांसद समिक भट्टाचार्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा 'टीएमसी नेता पश्चिम बंगाल के लोगों के सामने विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते। जनता ने टीएमसी को समझ लिया है। अगर टीएमसी भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी तो जनता हंसेगी। एक मुख्यमंत्री फाइलें छीन रहा है और ED जांच कर रही है, जब-ाकि राजनीतिक कार्यालय पर छापेमारी नहीं हुई। टीएमसी नेता कोयला घोटाले में शामिल हैं। टीएमसी और भ्रष्टाचार पर्यायवाची हैं।'

### टीएमसी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर की याचिका

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आई-पैक पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। टीएमसी की याचिका में कहा गया है कि पार्टी पश्चिम बंगाल में एेंई के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही थी, जिसके चलते ईडी ने पार्टी के राजनीतिक रणनीति कार्यालय और इसके सह-संस्थापक के निवास पर छापेमारी की। याचिका में यह भी कहा गया है कि गोपनीय डेटा और दस्तावेजों को अवैध रूप से जब्त किया गया, जो कानून के खिलाफ है। टीएमसी ने अदालत से ईडी की कार्रवाई को रोकने और अवैध दस्तावेज जब्ती को रद्द करने की मांग की है।

### कानून सबसे ऊपर-राज्यपाल

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा ईडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून सबसे ऊपर है और उसे हर हाल में लागू किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि यह मामला अब हाईकोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए फैसले का इंतजार किया जाना चाहिए।

## लालू परिवार को कोर्ट से लगा बड़ा झटका



**● नौकरी के बदले जमीन के मामले में आरोप तय**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कहा कि आरजेडी प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्य 'एक आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहे थे' और रेलवे में नौकरी के बदले जमीन के कथित घोटाले में उनके खिलाफ आपराधिक आरोप तय किए। अदालत ने नियुक्तियों के पीछे एक व्यापक साजिश के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मामले को भी स्वीकार किया। राउज़ एवेन्यू अदालत ने आरोप तय करने के लिए मामले को 29 जनवरी को सूचीबद्ध किया है। अगली तारीख को, अदालत आरोपियों के बयान को दर्ज करेगी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोप तय करने का आदेश पारित करते हुए कहा कि 'संदेह के आधार पर' लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों की ओर से एक व्यापक साजिश मौजूद थी। अदालत ने कहा कि जांच एजेंसी द्वारा रिकॉर्ड पर रखे गए सबूत इस स्तर पर घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए आरोपियों के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त हैं। 19 दिसंबर को, सीबीआई द्वारा लालू यादव और अन्य के खिलाफ दायर मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि आरोपों पर फैसला 9 जनवरी को सुबह 10:30 बजे सुनाया जाएगा। सुनवाई के दौरान, सीबीआई ने मामले में आरोपियों की स्थिति के संबंध में एक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया कि उसके आरोप पत्र में नामित 103 आरोपियों में से पांच की मृत्यु हो चुकी है।

## राहुल गांधी का भाजपा पर तीखा हमला



**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमलावर हैं। एक दिन पहले जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ट्रंप के टैरिफ को लेकर कड़ा निशाना साधा था। वहीं अब उन्होंने एक लंबे-चौड़े एक्स पोस्ट के जरिए भाजपा शासित राज्यों पर सिलसिलेवार हमला किया है। कांग्रेस सांसद ने शुक्रवार को अपने बयान में आरोप लगाते हुए कहा कि देशभर में 'भ्रष्ट' जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है।

## मेरठः मां की हत्या व बेटी के अपहरण पर तनाव

**● पुलिस ने जाने से रोका तो धरने पर बैठे विधायक अतुल प्रधान**

**लखनऊ। मेरठ के** थाना सरधना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में अनुसूचित जाति की महिला सुनीता की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण की घटना के बाद हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।


घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने साफ कह दिया है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती और अपहृत नाबालिग बेटी को सकुशल बरामद नहीं किया जाता, तब तक महिला का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। इस फैसले के बाद गांव में माहौल और अधिक संवेदनशील हो गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है, जबकि अपहृत नाबालिग बेटी की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। इसी बीच सरधना विधायक अतुल प्रधान जब पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें गांव के बाहर ही रोक दिया। सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देकर पुलिस ने आगे बढ़ने नहीं दिया, जिससे मौके पर हंगामा हो गया।



विधायक को रोके जाने के दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने अतिरिक्त बल बुला लिया। माहौल गर्माने के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया। पुलिस कार्रवाई से नाराज विधायक अतुल प्रधान मौके पर ही धरने पर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

विधायक ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार से मिलने से रोका जाना गलत है और यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी और अपहृत नाबालिग की बरामदगी नहीं होती, वह पीछे नहीं हटेंगे।




## दंतेवाड़ा में 63 नक्सलियों ने किया सरेंडर, एक करोड़ से ज्यादा का था इनाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लोन वर्राटू अभियान के तहत आज 63 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें 18 महिला नक्सली भी शामिल हैं। यह घटना राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। आत्मसमर्पण करने वालों में पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन कड़ती भी शामिल है, जिसने अपनी पत्नी के साथ आत्मसमर्पण किया है।

## ट्रंप के रूख से भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर संशय

**● कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बॉलीवुड अंदाज में तंज कसा। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील इसलिए नहीं हुई, क्योंकि पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रोजाना भारत द्वारा रूसी तेल निर्यात पर टिप्पणी कर रहें हैं। पर मोदी जी चुप हैं। अपनी नजरें चुरा रहे हैं। 'सर' वाली बात 'सरेंडर' ज्यादा दिखती है। हमारे लिए विदेश नीति मतलब, राष्ट्र हित सर्वोपरि होना जरूरी है।




पर मोदी सरकार ने हमारी Non-Aligned और Strategic Autonomy की विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई है। मोदी सरकार की विदेश नीति एक Wild Pendulum की तरह कभी इधर, कभी उधर झुलती है और इसका नुकसान भारत की जनता को हो रहा है।' वहीं कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने लटनिक के बयान का वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि 'हग (गले मिलना) हग न रहा, पोस्ट पोस्ट न रहा।' उन्होंने पुराने हिंदी गानों की तर्ज पर तंज कसते हुए आगे लिखा, 'क्या से क्या हो गया, बेवफा तेरी दोस्ती में।' पीएम पर तंज कसते हुए रमेश ने आगे कहा, 'क्या से क्या हो गया, बेवफा तेरी दोस्ती में।'

## सुप्रीम कोर्ट में 'आवारा कुत्ते' मामले में तीसरे दिन भी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में लगातार तीसरे दिन भी सुनवाई शुरू हुई। सुप्रीम कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालय परिसरों में भटकते कुत्तों की समस्या पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया शामिल हैं, मामले की सुनवाई हुई और शुक्रवार को करीब 1.50 घंटे सुनवाई चली। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 13 जनवरी रखी।

## रक्षा मंत्री ने सीएम के तारीफ में पढ़े कसीदे



**● कहा-योगी के नेतृत्व में यूपी दूसरे राज्यों के लिए बना मिसाल**

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का कायाकल्प देश के दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल है। पहले जो प्रदेश दंगों और खराब कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता था वो अब निवेश के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं रहा है बल्कि देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ में अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी जी जिस तरह से यूपी को चला रहे हैं। उससे सहज ही प्रदेश की रेटिंग एक्सीलेंट कही जा सकती है। अशोक लीलैंड कंपनी की इस ईवी फैक्टरी का उद्घाटन प्रदेश के औद्योगीकरण की दिशा में मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि मैं लखनऊ से सांसद हूं पर अगर मैं लखनऊ का न भी होता तो भी यह शहर मुझे उतना ही प्रिय होता जितना कि आज है। पहले जिस यूपी को खराब कानून व्यवस्था और दंगों से जोड़कर देखा जाता था वो अब निवेश के क्षेत्र में अपनी जगह बना रहा है। यह बहुत बड़ी बात है। प्रदेश में निवेश होने से यहां के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिल सकेगा।

रक्षामंत्री ने कहा कि अब यूपी में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण किया जा रहा है। अब भारत एक कमजोर देश नहीं बल्कि अपने हथियार खुद बनाता है और इस कार्य में यूपी बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभा रहा है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। प्रदेश में जिस तरह से कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सुधार हुआ है वो अपने आप में एक मिसाल है।

### सीएम ने ईवी प्लांट का किया उद्घाटन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षामंत्री ने लखनऊ में अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने फैक्ट्री का उद्घाटन करने के बाद ई-बस में सफर भी किया। फैक्ट्री का निर्माण सरोजनी नगर इलाके में करीब 70 एकड़ में किया गया है। यहां पर ई-बस, ई-ट्रेवलर और ई-लोडिंग वाहन बनाए जाएंगे।


छाया : जनमुख डेस्क

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत अन्य पर प्राथमिकी

**वाराणसी।** पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम एक विवाहिता की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वीरभानपुर एवं वर्तमान में कल्लीपुर मिर्जामुराद निवासी सिंटू देवी ने बताया कि साल 2023 में वीरभानपुर निवासी सुजीत कुमार उर्फ राहुल से शादी हुई।

शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे। ससुराल के लोगों ने उसे मायके छोड़ दिया। समझौते के बाद लौटी तो फिर मारपीट करने लगे। बीते साल मारपीट कर पति ने मायके लाकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कोडीन कफ सिरप कांड में दो आरोपियों के घर छापा



**● अहम दस्तावेज पुलिस ने किये जब्त**

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** कोडीन कफ सिरप कांड के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के करीबी और राधिका इंटरप्राइजेज और राजेंद्र ड्रैग एजेंसी के मालिक प्रशांत उपाध्याय के घर वाराणसी पुलिस ने देर रात छापेमारी की।

मंडुआडीह थाना क्षेत्र के मड़ौली स्थित प्रशांत के घर पर एसीपी क्राइम के नेतृत्व में रामनगर, आदमपुर और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की और कई अहम दस्तावेज वहां से जब्त कर अपने साथ ले गई।

वाराणसी की कोतवाली, आदमपुर और रामनगर पुलिस ने बीती रात एसीपी विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोडीन कफ सिरप कांड में कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 235/2025 के अंतर्गत आरोपी प्रशांत उपाध्याय के घर पहुंची। एसीपी ने बताया - मुकदमे के संबंध में हमने प्रशांत के मकान पर छापेमारी की है और कई अहम् दस्तावेज मिले हैं। जिन्हें हमने जब्त किया है। इसकी जांच की जाएगी।

छापेमारी के दौरान प्रशांत घर पर नहीं मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार मौके से पुलिस ने कई फर्जी दस्तावेज, कोडीन कफ सिरप के रैपर, शीशियां और पेन ड्राइव और लैपटॉप को जब्त किया है। एसीपी ने बताया - प्रशांत की दो फर्म राधिका इंटरप्राइजेज और राजेंद्र ड्रग एजेंसी का शैली ट्रेडर्स से क्या लेनदेन था और कैसे व्यापार होता था। इसकी जांच की जाएगी।

## दो दिन बाद निकली धूप ठंड से लोगों को राहत

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** वाराणसी में गुरुवार को भीषण कोहरे के बाद आज सुबह से ही अच्छी धूप देखने मिली। हालांकि कोहरा कम गिरा, लेकिन 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही ठंड हवाओं से गलन में बढ़ोत्तरी देखी। लेकिन धूप निकलने के चलते लोगों को अन्य दिनों की अपेक्षा राहत महसूस हुई अधिकतम 18 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दो दिन पहले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी का असर अब मैदानी इलाकों में दिखने लगा है।

बर्फबारी के बाद पहाड़ों से ठंडी और शुष्क पछुआ हवा उत्तर प्रदेश में भी चल रही है, जिससे दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। एक दो दिन की राहत के बाद ठंड फिर अपना प्रकोप दिखाएगा।




# बड़ागांव : हत्या के हत्या के मामले का खुलासा

**● तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस टीम को किया गया पुरस्कृत**

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** वाराणसी, जनमुख डेस्क। 25 दिसंबर को बड़ागांव थाना क्षेत्र में हुई एक हिंसक घटना में तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि बड़ागांव थाना क्षेत्रान्तर्गत दयालपुर गांव के पास सायं लगभग 6-7 बजे कुछ व्यक्तियों द्वारा रामू यादव एवं अभिषेक यादव से झगड़ा किया गया। उक्त झगड़े के दौरान रामू यादव को गोली मार दी गई तथा भागते समय एक अन्य बालक समीर सिंह को भी गोली मार दी गई, जिससे समीर सिंह की मृत्यु हो गई, जबकि रामू यादव गोली लगने से घायल हुआ, जो उपचार के उपरांत अब स्वस्थ है।

घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए आकाश पटेल, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन, द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के नेतृत्व में थाना बड़ागांव से एक विशेष टीम का गठन कर घटना के सफल अनावरण हेतु प्रयास प्रारंभ किए गए। विवेचना के प्रयास उक्त घटना अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी जिसके निम्न कारण थे मृतक एवं घायल व्यक्तियों में आपस में कोई संबंध नहीं था। अतः दोनों ही व्यक्तियों को गोली मारे जाने का कोई एक स्पष्ट कारण सामने नहीं आ रहा था। परंतु इसी दौरान घटनास्थल से कुछ दूर एक घर के निजी कैमरा में एक रिकॉर्डिंग प्राप्त हुई जिसमे वीडियो स्पष्ट नहीं था परंतु ऑडियो में महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए इसके आधार पर कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के नाम प्रकाश में आए। शुक्रवार को घटना में संलिप्त 03 अभियुक्तगण करन प्रजापति पुत्र निवासी खरहरिया वारी, थाना बड़ागांव, उम्र




लगभग 21 वर्ष; प्रेमशंकर पटेल निवासी कनियर नरायनपुर, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी, उम्र 30 वर्ष तथा शुभम मौर्य निवासी खरावन, थाना बड़ागांव, उम्र 20 वर्ष को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त,घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को 25हजार के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।'

## एसीपी से एडीसीपी बने डॉ. ईशान सोनी

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** एसीपी से पदोन्नत होकर एडीसीपी बने डॉ. ईशान सोनी को मोहित अग्रवाल ने अशोक स्तम्भ प्रदान कर सम्मानित किया।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि डॉ. ईशान सोनी की पदोन्नति उनकी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ दायित्व भी बढ़ते हैं और अपेक्षा है कि डॉ. सोनी अपने अनुभव व नेतृत्व क्षमता से कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा को और सुदृढ़ करेंगे।

## नगर विकास मंत्री ने रैन बसेरों की व्यवस्था जांची

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** गुरुवार की रात नगर विकास मंत्री एके शर्मा वाराणसी में थे और उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग

**● ठंड में कोई व्यक्ति बाहर सोता न मिले, नगर आयुक्त को दिया निर्देश**

लेने के बाद रैन बसेरों की व्यवस्था की जायजा लिया। व्रे सबसे पहले सिकरौल वार्ड के भीमनगर स्थित रैन बसेरा पहुंचे और लोगों से व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। नगर विकासमंत्री के साथ नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल भी मौजूद रहे।



नगर विकास मंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की दिक्कत रैन बसेरा में रहने वालों को न होने पाए। उन्हें कंबल, और हीटर की व्यवस्था के साथ ही साथ भोजन भी मुहैया कराया जाए। इस दौरान उन्होंने लंच पैकेट्स भी वहां रह रहे लोगों को बांटे। उन्होंने रैन बसेरा में रुके व्यक्ति से उसका हाल चाल लिया और व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। उन्होंने कंबल और शौचालय भी देखा और वहां रह रहे लोगों को लंच पैकेट दिया। इस दौरान उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति ठंड में मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में बाहर सोता न मिले। नगर निगम यह सुनिश्चित करे की सभी लोग रैन बसेरे का इस्तेमाल करें और यहां किसी भी मूलभूत सुविधा की दिक्कत न हो।

## बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर आक्रोश

**● काशी के उद्यमियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** दी स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, वाराणसी की आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रही निरंतर हत्याओं, अत्याचारों, आगजनी एवं धार्मिक स्थलों के विध्वंस की घटनाओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। उद्यमियों ने इन अमानवीय कृत्यों की एकस्वर में घोर निंदा करते हुए इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि काशी के उद्यमियों की भावनाओं एवं चिंता से देश के जनप्रतिनिधियों और माननीय प्रधानमंत्री को अवगत कराया जाए तथा भारत सरकार से बांग्लादेश में हो रहे हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार एवं नरसंहार के विरुद्ध कड़ा और प्रभावी रुख अपनाने का आग्रह किया जाए। इसी क्रम में दी स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश भाटिया एवं कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र लालवानी ने वाराणसी स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में उपस्थित माननीय विधायक सौरभ श्रीवास्तव से भेंट कर, प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।



कार्यकारिणी की बैठक में नीरज पारिख, राजेश वर्मा, अवधेश गुप्ता, अनुपम देवा, प्रशांत अग्रवाल, मनीष कटारिया, ज्ञानेश्वर, अंजनी सिंह, आलोक भंसाली, उमंग गुप्ता, बृजेश केशरी, दिनेश जैन, सत्यनारायण खेतान, महेंद्र अरोड़ा सहित अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्यकर्ता रक्तदाता विनय सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** भंदहा कला ग्राम स्थित आशा पुस्तकालय पर आयोजित एक श्रद्धांजलि बैठक में विगत सप्ताह हृदयाघात से मृत वाराणसी के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता और नियमित रक्तदान करने वाले विनय कुमार सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर स्व. विनय सिंह द्वारा समाज हित में किये गये कार्यों की सराहना करते हुए वक्ताओं ने उनके द्वारा रक्तदान, जन जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता आदि जैसे प्रयासों की चर्चा की। आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि उन्होंने बहुत ही कम समय में अनेक उपलब्धियां हासिल की।

## आदर्श चरित्रों के अनुशीलन से होगा राष्ट्र निर्माण: मिथिलेश नंदिनी

**● सेवाज्ञ संस्थानम्, काशी द्वारा 'महामना महोत्सव पखवाड़ा'**

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** पूज्य महाराज मिथिलेशनंदिनी शरण ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदर्श यह नहीं बताता कि क्या होना चाहिए, बल्कि यह बताता है कि हम वास्तव में कैसे हैं। आदर्श का एक पर्याय 'दर्पण' है, जिसमें हम स्वयं को देखते हैं। इसी प्रकार महामना जी के चरित्र को आत्मसात कर हमें अपने भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साधनहीनता और अनेक बाधाओं के बावजूद महामना जी ने महासेतु के निर्माण की तरह काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि आधुनिक होने का अर्थ परंपराओं का विनाश नहीं, बल्कि उन्हें आत्मसात करते हुए आगे बढ़ना है। राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा गया कि राष्ट्र एक समेकित जीवन-बोध है, जिसमें साझा कल्याण की भावना निहित होती है। विश्वास की एकता और चरित्र-बल के समन्वय से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। स्वराज, स्वदेशी और स्वशिक्षा महामना मालवीय के चिंतन के मूल आधार थे, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। सेवाज्ञ संस्थानम्, काशी द्वारा आयोजित महामना महोत्सव पखवाड़ा का समापन आज पुरस्कार वितरण समारोह के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह में संस्थान के राष्ट्रीय सचिव माधव झा ने सेवाज्ञ संस्थानम् के उद्देश्यों, विचारधारा तथा संगठनात्मक संरचना पर विस्तार से प्रकाश डाला।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश प्रधान ने



महामना मदन मोहन मालवीय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवाज्ञ संस्थानम् के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीषजी, काशी महानगर इकाई के संयोजक शिवम् पाण्डेय, शोला पटेल, सुयश दहौलिया आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'मनरेगा बचाओ संग्राम' एवं 'यूथ जोड़ो अभियान' का शुभारंभ



**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** मैदागिन स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय (ज्ञान मंडल प्लाजा, राजीव भवन) में आज महानगर युवा कांग्रेस द्वारा 'मनरेगा बचाओ संग्राम' एवं 'यूथ जोड़ो अभियान' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि महानगर युवा कांग्रेस द्वारा आज मनरेगा बचावों महासंग्राम और यूथ जोड़ो अभियान का पोस्टर जारी किया गया मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं बल्कि करोड़ों गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण परिवारों की रोज़ी-रोटी का मजबूत आधार है।

आज देश का युवा बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा के निजीकरण से परेशान है। कांग्रेस युवाओं को संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की विचारधारा से जोड़ते हुए उनके हक़ की लड़ाई लड़ेगी। वाराणसी की धरती से यह संदेश जाएगा कि युवा और मजदूर विरोध की नहीं, परिवर्तन की ताकत हैं।

### लापता बहनें गुजरात से बरामद

**वाराणसी।** थाना कैंट पुलिस ने बिना बताए घर से चली गई एक बालिग व एक नाबालिग लड़की को 14 दिन के अंदर बरामद किया। इस मामले में भोजूबीर सरसौली निवासी पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें पीड़ित ने बताया था कि उसकी 20 साल की बेटी और छोटे भाई की 14 साल की बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई थीं।

## नेशनल वॉलीबॉल में यूपी का परचम, महिला और पुरुष दोनों टीमों ने प्ले-ऑफ में मारी बाजी

**वाराणसी, जनमुख न्यूज।** डॉ . संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में (सिगरा) में जारी 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के पांचवें दिन 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के पांचवें दिनगुरुवार को उत्तर प्रदेश की टीमों ने अपने जुझारू प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। महिला और पुरुष दोनों वर्गों में यूपी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले चक्र (क्वार्टर फाइनल) में प्रवेश कर लिया है। महिला वर्ग के प्ले-ऑफ मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने हार न मानने वाले जज्बे का परिचय दिया।

# संगठन ही हमारी पहचान : पंकज चौधरी

**● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जिला व महानगर पदाधिकारियों की बैठक को किया संबोधित**

**वाराणसी, जनमुख डेस्क।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि जो कार्यकर्ता संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाता है, वही सच्चा कार्यकर्ता होता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, संगठन ही हमारी पहचान है और कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि हैं। कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अब 13 महीने ही शेष बचे है।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी रोहनिया स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित वाराणसी जिला एवं महानगर के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को मजबूत बनाना आवश्यक है। इसके लिए 2027 में भाजपा को 2017 से भी बड़ी जीत दिलाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं के कंधों पर है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक समय था जब भारत की बात कोई नहीं सुनता था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जब बोलता है तो पूरी दुनिया गंभीरता से उसकी बात सुनती है। यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि आज देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उन्होंने कोरोना काल का उल्लेख करते हुए कहा कि कोविड जैसी भयावह विपदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को संभाला और बिना किसी भेदभाव के देश का सर्वांगीण विकास किया। प्रधानमंत्री को 28 से अधिक देशों द्वारा सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया जा चुका है, जिससे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है। काशी आगमन पर हुए भव्य स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि इस ऐतिहासिक स्वागत के लिए धन्यवाद देने हेतु उनके पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के बीच आकर वे गौरवान्वित और भावुक हैं। कार्यकर्ताओं के परिश्रम के कारण ही वे सातवीं बार सांसद के रूप में कार्य कर रहे हैं। पार्टी ने उन्हें दूसरी बार केंद्र सरकार में वित्त राज्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी और अब उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे वे सभी को साथ लेकर निभाने का प्रयास करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि



ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित हो चुकी है। सभी कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे मतदाता सूची का गहन अध्ययन करें, ताकि कोई पात्र मतदाता छूटने न पाए और कोई अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि अभी जितनी मेहनत कर ली जाएगी, चुनाव के समय उतनी ही कम मेहनत करनी पड़ेगी और जीत सुनिश्चित होगी।

बैठक में राज्यसभा सदस्य एवं काशी क्षेत्र प्रभारी अमरपाल मौर्य, प्रदेश महामंत्री संजय राय, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, जिला व महानगर प्रभारी अरुण पाठक, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, विधायक टी. राम, एमएलसी अश्विनी त्यागी, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, पूर्व विधायक जगदीश पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, जगदीश त्रिपाठी, नवीन कपूर, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम सहित जिला व महानगर के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### रोहनिया कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत

रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का हजारों की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यालय के मुख्य द्वार पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने आरती उतारकर तिलक किया। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बैठक में विषय प्रस्तावना एवं मुख्य अतिथि का स्वागत भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने किया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## गोरखपुर समाचार

### इंटर फेल है जावेद बन गया डॉक्टर, प्रसूता का किया था ऑपरेशन- हो गई थी मौत



**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट स्थित जेके अस्पताल में गर्भवती की मौत के मामले में पुलिस ने अस्पताल संचालक झोलाछाप जावेद खान को जंगल माधी नहर के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोप है कि झोलाछाप ने गर्भवती महिला को प्रसव से पहले इंजेक्शन लगाया था, जिससे उसकी हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के परसौना निवासी रीतू (24) की शादी महराजगंज, श्यामदेउरवां के ग्राम लखिमा निवासी सुनील से हुई थी। रीतू गर्भवती थी वह फिलहाल मायके में रह रही थी। तीन जनवरी की सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे भटहट स्थित जेके अस्पताल ले गए। पति ने आरोप लगाया कि प्रसव कराने के लिए अस्पताल स्टाफ ने 40 हजार रुपये की मांग की, जिसका उन्हें भुगतान करना पड़ा। दोपहर में रीतू की हालत बिगड़ गई। रीतू की बहन विमला ने बताया कि अस्पताल की ओर से लापरवाही के चलते उनकी बहन की मौत हो गई। आरोप है कि संचालक ने परिवार को बताए बिना रीतू को अपनी कार से मेडिकल कॉलेज गेट पर छोड़ दिया। परिजन शव लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन अस्पताल संचालक और स्टाफ वहां नहीं था। शाम 5:30 बजे तक शव रखकर कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध जताया गया। मौके पर पुलिस भी पहुंची।

## मऊ समाचार

### विभिन्न पदों पर 17 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**मऊ।** सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के 22 सदस्यीय नई कार्यकारिणी के लिए आगामी 16 जनवरी को होने वाले मतदान के पूर्व बृहस्पतिवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर पहले दिन 17 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। यह जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी मुहम्मद एकबाल ने बताया कि नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद पर अमरनाथ सिंह, राजेंद्र राय और शमसुल हसन ने नामांकन दाखिल किया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए गौरीशंकर पांडेय ने नामांकन दाखिल किया। साधारण उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए दिलीप कुमार सिंह और राजेश चौधरी ने नामांकन दाखिल किया। जबकि कनिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद के लिए गौरव पांडेय ने नामांकन दाखिल किया। वहीं संयुक्त मंत्री के तीन पदों के लिए दिलीप कुमार पांडेय और राहुल कुमार तथा कोषाध्यक्ष के लिए नरेंद्र प्रताप सुबोध और अमरनाथ प्रजापति ने नामांकन दाखिल किया।

## सुल्तानपुर समाचार

### बाइक से गिरकर घायल युवक की मौत

**सेमरी बाजार।** जयसिंहपुर के बिरैता चौराहे के पास बुधवार रात बाइक से गिरकर बौरा माधवपुर निवासी मजदूर बृजेश कुमार (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहां, बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बृजेश बुधवार देर शाम बाइक से अपनी ससुराल गुड़बड़ गांव जाने के लिए बाइक से निकले थे। रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। परिवार में बृजेश की पत्नी मिथिलेश कुमार व पुत्र रितेश (04) रहते हैं।

बृहस्पतिवार दोपहर बाद जब बृजेश की मौत के बारे में घर वालों को पता चला तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। जयसिंहपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद मिश्र ने बताया कि लखनऊ में ही शव का पोस्टमार्टम करवाने की जानकारी मिली है। परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना के बाद बृजेश की क्षतिग्रस्त बाइक को ग्रामीणों ने सुरक्षित स्थान पर रखवाया है।

### डंपर से टकराकर बाइक सवार युवक जख्मी

**धम्मौर।** बंधुआकला के खलेसरापुर (पिकौरा) निवासी संतोष कुमार यादव (35) बृहस्पतिवार दोपहर बाइक से सुल्तानपुर जाने के लिए निकले। रास्ते में रसवादा गांव के पास सामने से जा रहे एक डंपर से वह टकरा गए। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उन्हें मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया। डंपर चालक घटनास्थल से वाहन सहित भाग निकला। धम्मौर थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। बिकवाजितपुर में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार दोपहर फील्डिंग करते समय खिलाड़ी अलीगंज निवासी जावेद (22) का गेंद पकड़ने में चबूतरे से टकरा दाहिना पैर टूट गया।

## बलिया समाचार

### 10वीं,12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 12 जनवरी से शुरू होंगी

**पंदह।** जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10 और 12 के छात्र-छात्राओं के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षाएं 12 जनवरी से शुरू होकर 19 जनवरी तक दो पालियों में होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे से 12:15 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 12:45 बजे से शाम 4 बजे तक कराई जाएगी। डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों को चेताया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंदी से शुरुआत तो भूगोल से होगा अंतः परीक्षा के पहले दिन 12 जनवरी (सोमवार) को हाईस्कूल में हिंदी विषय की परीक्षा होगी, जबकि इंटरमीडिएट में नागरिक शास्त्र, सामान्य आधारित विषय और कंप्यूटर की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## आजमगढ़ समाचार

### घना कोहरा...टेम्प्रेचर 5°C:गलन बढ़ी, सर्द हवाएं परेशान कर रही,12 जनवरी तक ऐसा ही रहेगा मौसम



**आजमगढ़।** शुक्रवार को घना कोहरा छाया है। सर्द हवाएं बहने से गलन बढ़ गई है। सुबह के समय काफी देर तक गलियों में सन्नाटा पसरा रहा। चौराहों पर की कुछ लोग आग तापते नजर आए। कोहरे का असर वाहनों की आवाजाही पर भी पड़ा। लोग धीमी स्पीड में गाड़ी ड्राइव करते दिखाई दिए। मौसम विभाग ने 12जनवरी तक मौसम ऐसा ही बने रहने का अनुमान जताया है। गुरुवार को पूरे प्रदेश में जो सबसे ठंडा दो जिले है। उसमें आजमगढ़ और अयोध्या प्रमुख है। हालांकि ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने कक्षा 8 तक के स्कूलों को बंद कर दिया है। जिससे कि स्कूल जाने वाले बच्चों को इस भीषण सर्दी में समस्या का सामना न करना पड़े। दो दिन पूर्व जिले में धूप निकलने से आम जनता को राहत मिली थी। पर रात्रि से ही तापमान में गिरावट होने लगी। और यही कारण है कि गुरुवार को भीषण सर्दी में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सर्दी के साथ चल रही बर्फीली हवाओं से और अधिक सर्दी बढ़ रही है। यही कारण है कि गुरुवार की शाम से ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। वही मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाए रहेंगे। जिले में लगातार पड़ रही कड़ाके की सर्दी को देखते हुए जिला प्रशासन ने जगह-जगह अलाव जलाने के निर्देश दिए हैं।

## मीरजापुर समाचार

### मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन की बैठक ओपस इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न

**मीरजापुर।** मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका क्षेत्र स्थित ओपस इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और विद्यालय संचालन से जुड़े अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सभी प्रबंधकों ने अपने-अपने विचार रखे और समस्याओं को साझा किया। बैठक में विशेष रूप से बकाया आरटीई (RTE) भुगतान के मुद्दे पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आरटीई भुगतान सहित विद्यालयों से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान हेतु रविवार को मीरजापुर की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी अथवा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री आशीष पटेल जी को एक



ज्ञापन/पत्र सौंपा जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने कहा कि यह संगठन निजी विद्यालयों के लिए एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य विद्यालयों को साधन, सेवा, सुरक्षा और संघर्ष के माध्यम से सशक्त बनाना है। उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों से एकजुट रहने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। विश्वजीत दुबे (प्रबंधक, बागेश्वरी विकास बाल निकेतन) ने कहा कि आरटीई भुगतान में हो रही देरी से विद्यालयों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो निजी विद्यालयों का संचालन कठिन हो जाएगा। उन्होंने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। अभिषेक पांडे (ओपस इंटरनेशनल स्कूल) ने कहा कि निजी विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें अनेक प्रशासनिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के माध्यम से संगठित प्रयास ही समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम हैं।

## चंदौली समाचार

### 104 गांव के 146 गरीबों को मिलेगी सीएम आवास की चाबी

**सकलडीहा।** स्थानीय विकासखंड के 104 गांवों के 146 गरीबों को शीघ्र मुख्यमंत्री आवास की चाबी मिलेगी। ब्लॉक प्रशासन की ओर से इसकी कवायद तेज कर दी गई है। आवास मिलने से गरीबों को सहूलियत होगी। विकासखंड में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 146 गरीबों को आवास बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जल्द ही गरीबों के लिए आवास का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए बीडीओ और एडीओ पंचायत की ओर से सचिवों को निर्देशित कर दिया गया है। गरीबों का आवास का निर्माण पूरा कराने के बाद मुख्यमंत्री आवास की चाबी सौंप दी जाएगी। बीडीओ विजय कुमार सिंह और एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने बताया कि योजना के तहत शीघ्र गरीबों के खाते में पहली किस्त शीघ्र भेजी जाएगी।

## सोनभद्र समाचार

### डीएम ने कठपुरवा मिनी स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के कठपुरवा गांव स्थित मिनी स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने युवा कल्याण अधिकारी को जनपद के सभी विकास खंडों में मिनी स्टेडियम स्थापित करने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने युवा कल्याण अधिकारी से जनपद में स्थापित मिनी स्टेडियमों की जानकारी ली। युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि बभनी, रॉबर्ट्सगंज, नगवां और घोरावल सहित चार ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में मिनी स्टेडियम स्थापित हैं। इन सभी चारों स्टेडियमों में खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है, जिसके तहत प्रत्येक स्टेडियम में एक-एक प्रशिक्षक नियुक्त किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने युवा कल्याण



अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जनपद आगमन के दौरान सभी विकास खंडों में मिनी स्टेडियम बनाने की बात कही थी। जिन विकास खंडों में अभी तक मिनी स्टेडियम नहीं बने हैं, वहां स्थल का चयन कर कार्य योजना बनाकर प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तुत की जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने स्टेडियम के ग्राउंड का भी निरीक्षण किया। ग्राउंड में एक पुरानी और जर्जर इमारत थी, जिसे देखकर जिलाधिकारी ने युवा कल्याण अधिकारी को उसके ध्वस्तीकरण के लिए पत्राचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## देवरिया समाचार

### सरकारी दफ्तरों में चरम पर है भ्रष्टाचार, बिना रिश्वत नहीं हो रही सुनवाई

**कपरवार।** स्थानीय चौराहे पर बृहस्पतिवार को विधान परिषद नेता विपक्ष लालबहादुर के आगमन पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। वह रामजानकी मार्ग से कपरवार के रास्ते गंतव्य को जा रहे थे।

विधान परिषद नेता प्रतिपक्ष लालबहादुर यादव के कपरवार के रास्ते जाने की जानकारी होने पर समाजवादी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा हो गया। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार भले जीरो टेलरेंस की कवायद कर रही है। लेकिन हकीकत कुछ और ही है। सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना रिश्वत दिए किसी की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## प्रयागराज समाचार

### शीतलहर, ठंड और घने कोहरे ने थाम दी जीवन की रफ्तार, रजाई में भी कांपते रहे लोग



**प्रयागराज।** संगम नगरी बृहस्पतिवार को शीतलहरी और कड़ाके की ठंड की चपेट में रही। मौसम का यह तीखा मिजाज आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। बीते कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, वहीं सुबह और देर रात घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता महज 10 मीटर से भी कम हो गई है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं और आम लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। प्रयागराज बृहस्पतिर को ठंड की चपेट में रहा। घने कोहरे के चलते दृश्यता 10 मीटर से भी कम हो गई। दोपहर दो बजे तक शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में घना कोहरा छाया रहा। सड़कों और पुलों पर वाहन रेंगते नजर आए। दोपहर बाद तक चालक वाहनों की हेडलाइट जलाकर चलते नजर आए। जनजीवन काफी अस्तव्यस्त रहा। सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों के साथ स्कूल-कॉलेजों में कर्मचारियों और छात्रों की संख्या कम देखी गई। माघ मेले में में ठंड का असर दिखा। शिविरों में कल्पवासियों के साथ साधु-संत अलाव के पास नजर आए। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी रोज की अपेक्षा भीड़ कम दिखी।

## गाजीपुर समाचार

### फार्मर रजिस्ट्री की धीमी गति पर डीएम ने जताई नाराजगी

**गाजीपुर।** एग्री स्टैग योजना की जिलास्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम अविनाश कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसमें तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में लगभग 150 से 200 फार्मर रजिस्ट्री प्रतिदिन हो रही है, उसको बढ़ाकर 1800 से 2000 हजार किया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि खरीफ के डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे जो 5 जनवरी से 15 फरवरी तक क्रियान्वयन किया जाना है, उसे निर्धारित अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व ही पूर्ण करा लिए जाए।

फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बैठक में जिलास्तरीय समिति द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक विकास खंड में दो लाख की दर से सभी विकासखंडों के लिए कुल 32 लाख रुपये के व्यय का अनुमोदन प्रदान किया गया।

## भदोही समाचार

### कालीन निर्यातक जर्मनी में आयोजित होने वाले विश्वप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले हेमटेक्स में भाग लेने के लिए रवाना



**भदोही।** कालीन निर्यातक जर्मनी में आयोजित होने वाले विश्वप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले हेमटेक्स-2026 में भाग लेने के लिए रवाना होने लगे हैं। यह मेला 13 से 17 जनवरी के बीच आयोजित किया जाएगा। भदोही एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी कला और कारीगरी का प्रदर्शन करने को तैयार है। एक्सीलेंट कार्पेट के राजीव गुप्ता गुरुवार को भदोही रेलवे स्टेशन से काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस द्वारा नई दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गए। यहां से वे हवाई मार्ग से जर्मनी जाएंगे। इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा में उनके साथ कमलेश गुप्ता भी शामिल हैं, जो पहली बार हेमटेक्स जैसे विश्वस्तरीय कालीन मेले में भदोही का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर भदोही के कालीन उद्योग की नई पीढ़ी से सोनाली गुप्ता, सृजल गुप्ता और काव्या गुप्ता भी पहली बार जर्मनी में आयोजित इस मेले में भाग लेने के लिए रवाना हुईं। युवा निर्यातकों की यह सहभागिता भदोही के कालीन उद्योग में पारंपरिक और आधुनिक सोच के संगम को दर्शाती है। निर्यातक राजीव गुप्ता ने बताया कि हेमटेक्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भदोही के कालीनों को प्रस्तुत करना उनके लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह मेला वैश्विक खरीदारों से जुड़ने और भदोही की पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। कमलेश गुप्ता ने कहा कि यह उनके जीवन का एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भदोही के कालीन उद्योग को नजदीक से देखने और समझने का अवसर मिलना उनके लिए खास है। सोनाली गुप्ता ने कहा कि युवा पीढ़ी के रूप में उनका प्रयास है कि पारंपरिक भदोही कालीनों को आधुनिक डिज़ाइन, नवाचार और वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ाया जाए। सृजल गुप्ता ने बताया कि हेमटेक्स-2026 उन्हें अंतरराष्ट्रीय रुझानों, नई तकनीकों और वैश्विक बाजार की मांग को समझने का महत्वपूर्ण अवसर देगा। काव्या गुप्ता ने कहा कि भदोही से निकलकर विश्व मंच तक पहुंचना सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है और उनका लक्ष्य है कि भदोही के

## जौनपुर समाचार

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का आरोप



**चंदवक/डोभी।** थानाक्षेत्र के हीरापुर मचहटी गांव में बृहस्पतिवार को सुबह एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। केराकत कस्बे के सिहौली मोहल्ला निवासी सलामुद्दीन ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अफसाना (28) की शादी आठ वर्ष पूर्व हीरापुर मचहटी गांव निवासी अजीम के बेटे सलमान के साथ की थी। सलमान घर पर ही अंडे की दुकान चलाता है। पिता का आरोप है कि बृहस्पतिवार को सुबह करीब छह बजे सलमान ने फोन कर बताया कि अफसाना ने दुकान के शटर की पाइप में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मायके के लोग ससुराल पहुंचे तो वहां अफसाना का शव पड़ा मिला। इससे नाराज परिजनों ने आरोपी सलमान पर हमला कर दिया लेकिन पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए सलमान को हिरासत में ले लिया। जिले से आई फोरेंसिक टीम ने भी जांच की। ससुराल पक्ष के अनुसार, सलमान अपनी पत्नी अफसाना और तीन वर्षीय बेटे असद के साथ परिवार से अलग एक कमरे में रहता था। उसी से लगी उसकी अंडे की दुकान है। बुधवार को दोपहर सलमान केराकत से अफसाना के लिए दवाएं लेकर आया था।

## लाइफ मंत्र

### कब है अक्षय तृतीया ? सोना-चांदी खरीदने का शुभ मुहूर्त नोट करें

अक्षय तृतीया हिंदू धर्म के सबसे शुभ और पावन पर्वों में से एक मानी जाती है। इस दिन किया गया दान, पूजा, निवेश और विशेष रूप से सोना-चांदी की खरीदारी को अत्यंत फलदायी माना जाता है। हर साल श्रद्धालु इस शुभ तिथि और मुहूर्त का इंतजार करते हैं ताकि बिना किसी दोष के नए कार्यों की शुरुआत की जा सके। ऐसे में अगर आप भी 2026 में अक्षय तृतीया पर सोना-चांदी खरीदने या कोई शुभ कार्य करने की योजना बना रहे हैं, तो जान लें




कि अक्षय तृतीया 2026 कब है और खरीदारी का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा।

**अक्षय तृतीया 2026 तिथि और समय**

हिंदू पंचांग के अनुसार, अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। साल 2026 में यह पर्व 19 अप्रैल, रविवार को मनाया जाएगा।

**तृतीया तिथि प्रारंभः** 19 अप्रैल 2026, सुबह 10:49 बजे से।

**तृतीया तिथि समाप्तः** 20 अप्रैल 2026, सुबह 07:27 बजे तक।

**पूजा का शुभ मुहूर्तः** 19 अप्रैल को सुबह 10:49 बजे से दोपहर 12:20 बजे तक।

**सोना-चांदी खरीदने का शुभ मुहूर्त**

मुहूर्त का प्रकार समय (19 अप्रैल 2026)

प्रातः मुहूर्त (चर, लाभ, अमृत) सुबह 10:49 से दोपहर 12:20 तक

अपराह्न मुहूर्त (शुभ) दोपहर 01:58 से दोपहर 03:35 तक

सायाह्न मुहूर्त (शुभ, अमृत, चर) शाम 06:49 से रात 10:57 तक

रात्रि मुहूर्त (लाभ) रात 01:43 से 03:05 तक (20 अप्रैल)

उषाकाल मुहूर्त (शुभ) सुबह 04:28 से 05:51 तक (20 अप्रैल)

**अक्षय तृतीया का धार्मिक महत्व**

अक्षय शब्द का अर्थ है जिसका कभी अंत न हो। इस दिन किए गए दान, जप और पुण्य कर्मों का फल अनंत काल तक मिलता है। माना जाता है कि इसी दिन से सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी।

अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का जन्म हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरी थीं।

## 10 जनवरी से भारत मंडपम में लगेगा किताबों का महाकुंभ, एंट्री होगी बिल्कुल फ्री! जानें क्या है थीम?



दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 का आयोजन 10 से 18 जनवरी तक भारत मंडपम में किया जा रहा है, जिसमें इस बार प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क है। मेले की थीम भारतीय सेनाओं के इतिहास पर आधारित है और इसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसिद्ध लेखक भी शामिल होंगे। हर साल दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला जरुर लगाता है। इस साल भी 10 जनवरी से दिल्ली में वर्ल्ड बुक फेयर लगने जा रहा है। बुक लवर के लिए यह मिला किसी जादू से कम नहीं है। इस मेले में पुस्तकों का भंडार मिलेगा और सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि अन्य देशों और भाषाओं में किताबें भी मिलेंगी। कहा जा रहा है कि इस बार पुस्तक मेला बिल्कुल अलग थीम पर रखा गया है और इसमें कई खास और विदेश अतिथियों के पहुंचने की खबरें मिल रही हैं। चलिए आपको इस लेख में पुस्तक मेला के बारें पूरी डिटेल्स बताते है।

**एंट्री फीस क्या है?**

इस बार विश्व पुस्तक मेला की खासियत है कि इसमें कोई एंट्री फीस नहीं है। यह सभी के लिए बिल्कुल फ्री है। पहली बार विश्व पुस्तक मेला में जाने के लिए कोई फीस नहीं देनी पड़ेगी।

**कहां लगेगा?**

विश्व पुस्तक मेला इस साल भारत मंडपम में लग रहा है और इसमें खासतौर पर हॉल नंबर 2 से 6 तक में ये मेला लग रहा है। इसमें पहले आपको सभी किताबों के स्टॉल मिलेंगे। यहां पर हर प्रकार की किताबें आपको देखने को मिल जाएंगी।

**थीम क्या है?**

इस बार विश्व पुस्तक मेला 2026 की थीम काफी अलग है। मेले की थीम वायु, जल, थल सेना के इतिहास पर है, तो तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मेले में पहुंचेंगे। आपको बता दें कि, यह मेला 18 जनवरी तक चलने वाला है। इसमें करीब 50 वीआईपी के पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, भारतीय सेना से जुड़े लोग भी शिरकत कर सकते हैं।

**कल्चरल शो और लेखक**

विश्व पुस्तक मेला में आप शाम को समय में कई कल्चरल शो भी देख सकते हैं। यहां पर नुक्कड़ नाटक, डांस जैसे शोज परफॉर्म किए जाएंगे। इसके अलावा, यहां पर लोकप्रिय लेखक भी शामिल हो सकते हैं। हर दिन कोई न कोई फेमस लेखक जरुर शिरकत करेगा।

**कैसे जाएं**

यहां पहुंचने के लिए नजदीकी मेट्रो स्टेशन सुप्रीम कोर्ट है। सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर उतरकर आप 10 मिनट पैदल चलकर भारत मंडपम तक पहुंच सकते हैं। फिर चाहे आप रिक्शा भी ले सकते हैं या कैब भी बुक कर सकते हैं।



## बर्फ से ढकी Yamunotri Valley, हनुमान चट्टी से शुरू करें अपना Winter Adventure Trek

**सर्दियों में चार धाम यात्रा बंद होने पर भी यमुनोत्री के आस-पास की वादियां बर्फ की सफेद चादर से ढक जाती हैं। उत्तरकाशी की यात्रा पर आप हनुमान चट्टी, जानकी चट्टी और बरकोट जैसी खूबसूरत जगहों पर प्राकृतिक सुंदरता और शांति का अनुभव कर सकते हैं।**

वैसे तो इस समय चार धाम की यात्रा बंद है। वहीं, सबसे पहले आप यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुले हैं। इसके बाद केदारनाथ और फिर बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाते हैं।

कपाट बंद होने के बाद भी लोग यहां से आस-पास घूमने के लिए जगहें सर्च करते हैं, क्योंकि सर्दियों में यहां सुंदर नजारा देखने को मिलता है। सदिर्यों में ये जगहें और भी खूबसूरत हो जाती है। इस समय तो कपाट बंद होते हैं लेकिन बाद में चार धाम के आस-पास घूमने लायक जगहें खोजते हैं, जहां सुकून, प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शांति एक साथ महसूस होती है। आइए आपको इस लेख में बताते हैं यमुनोत्री धाम के आस-पास घूमने की शानदार जगहें बताते हैं, जहां आप ट्रिप का प्लान कर सकते हैं।

**हनुमान चट्टी**

यमुनोत्री धाम की यात्रा हनुमान चट्टी होते हुए जाती है। यह यमुनोत्री से 13 किमी की दूरी पर स्थित है। डोडीताल ट्रेक भी इसी रास्ते से होते हुए ही लोग जाते हैं। इसलिए डोडीताल के ट्रेक पर जाने वाले लोग हनुमान चट्टी होकर जाते हैं। यह नगर यमुनोत्री के पावन मंदिर की यात्रा मार्ग में स्थित है। श्रद्धालु अपनी यात्रा की शुरुआत इसी स्थान से होकर आगे बढ़ते हैं, इसलिए यहां रुककर स्थानीय दर्शनीय स्थलों को देखकर यात्रा को आगे बढ़ाया जा सकता है।

**जानकी चट्टी**

अगर आप हनुमान चट्टी से गुजरते हैं, तो आप जानकी चट्टी जा सकते हैं, यहां हरा-भरा क्षेत्र है जो घूमने के लिए सबसे बेस्ट जगह है। यह यमुनोत्री धाम से मात्र 7 किमी की दूरी पर स्थित है। यमुनोत्री धाम पर जाने वाले लोग यहां रात गुजारने का प्लान बना सकते हैं। यदि आपको भी पहुंचते-पहुंचते अंधेरा हो जाता है, तो आप यहां रुक कर आगे बढ़ सकते हैं। यह जगह चारों तरफ से पहाड़ों से घिरी हुई है, इसलिए यह जगह आपको जरुर पसंद आएगी।

**बरकोट**

जानकी चट्टी से लगभग 44 किलोमीटर दूर स्थित बरकोट, यमुनोत्री यात्रा के दौरान घूमने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है। जानकी चट्टी से यमुनोत्री की ओर जाते समय आप बरकोट होते हुए यात्रा कर सकते हैं। यह स्थान समुद्र तल से करीब 1220 मीटर की ऊंचाई पर बसा हुआ है। यहां गंगा और यमुना जैसी दो अत्यंत पवित्र नदियों का जल मिलता है। बरकोट यमुनोत्री से बहुत अधिक दूर नहीं है और यहां से लगभग एक घंटे में यमुनोत्री पहुंचा जा सकता है।

## Hill Station In MP: MP का इकलौता Hill Station nw Pachmarhi, 'सतपुड़ा की रानी' में बिताएं अपना Weekend



पचमढ़ी में आपकी हरियाली, ठंडी हवाएं, गुफाएं और पहाड़ियों का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। ऐसे में अगर आप भी शांत और प्राकृतिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो पचमढ़ी एक शानदार ऑप्शन है। आप भी इस वीकेंड इस हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करने के लिए जा सकते हैं। घूमने के शौकीन लोग मौका मिलते ही बैग पैक करके घूमने के लिए निकल जाते हैं। छुट्टियां मिलते ही लोग छोटा सा राहत देने वाला ब्रेक लेना चाहते हैं, तो सफर पर जा सकते हैं। लेकिन फिर भी वीकेंड ट्रिप प्लान करके भी आप एक छोटा सा ब्रेक ले सकते हैं। इसके लिए आपको कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। बल्कि आप मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन की सैर के लिए जा सकते हैं। मध्य प्रदेश का पचमढ़ी एक परफेक्ट वीकेंड गेटवे है। पचमढ़ी में आपकी हरियाली, ठंडी हवाएं, गुफाएं और पहाड़ियों का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। ऐसे में अगर आप भी शांत और प्राकृतिक जगह की तलाश कर रहे हैं, तो पचमढ़ी एक शानदार ऑप्शन है। आप भी इस वीकेंड इस हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करने के लिए जा सकते हैं। मध्य प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी को सतपुड़ा की रानी भी कहा जाता है।

**पचमढ़ी की फेमस जगह**

यहां पर आप चारों ओर हरियाली भरे जंगल, पुरानी गुफाएं, तालाब, पहाड़ों से गिरते झरने का ठंडा पानी आदि का अनुभव ले सकते हैं। पचमढ़ी में कई शानदार जगहें हैं, जोकि पर्यटकों के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं।

**बी फॉल्स**

पंचमढ़ी के खूबसूरत झरनों का ठंडा पानी आपकी गर्मी को छू-मंतर कर देगा। पचमढ़ी में दो ऐसी जगहें हैं, जहां झरने की ठंडी बूंदों का आनंद ले सकते हैं। पचमढ़ी के फेमस जल प्रपातों में एक सिल्वर फॉल्स है, जिसको रजत प्रपात भी कहा जाता है। यह झरना 350 फीट की ऊंचाई से गिरता है, जोकि दिखने में दूध की तरह लगता है। वहीं पास में एक हांडी खोह के पास एक खाई है, जो करीब 300 फीट गहरी है। यह खाई घने जंगलों के बीच है। यहां पर बहती हुई नदियों को देखकर आपके दिल को एक अलग ही सुकून मिलेगा। दूसरी तरफ बी फॉल्स है, इसको जमुना फॉल्स भी कहते हैं। यह 150 फीट की ऊंचाई से गिरता है। जब इसका पानी चट्टानों से टकराता है, तो मधुमक्खी जैसी भिनभिनाहट होती है। इस कारण इसका नाम बी फॉल्स पड़ा है।

**जटाशंकर गुफा**

जटाशंकर गुफा पचमढ़ी से करीब डेढ़ किमी दूर है। इस स्थान पर आपको भगवान शिव के प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन होते हैं। वहीं मंदिर के पास एक चट्टान पर हनुमान जी की मूर्ति बनी हुई है। धार्मिक महत्व के अलावा यहां का प्राकृतिक सौंदर्य ट्रेकिंग प्रेमियों को बहुत पसंद आती हैं।

**धूपगढ़**

धूपगढ़, मध्यप्रदेश की सबसे ऊंची चोटी है। जोकि सतपुड़ा पर्वतमाला के महादेव पहाड़ियों पर स्थित है। यहां से आपको सूयीदय और सूर्यास्त का नजारा देखना नहीं भूलना चाहिए।

**पांडव गुफाएं**

माना जाता है कि पांडवों ने अपने अज्ञातवास के समय कुछ समय यहां पर बिताया था। यह स्मारक आज भी पर्यटकों के बीच फेमस है।

**ऐसे पहुंचे पचमढ़ी**

अगर ट्रेन से पचमढ़ी जाना चाहते हैं, तो नजदीकी रेलवे स्टेशन पिपरिया है, जोकि 50 किमी दूर है। यहां से आप टैक्सी या बस द्वारा पचमढ़ी पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सड़क मार्ग से भोपाल, जबलपुर या इटारसी से भी आसानी से यहां आ सकते हैं।

**पचमढ़ी जाने का समय**

गर्मियों से राहत पाने के लिए आप मार्च से जुलाई के बीच भी पचमढ़ी जा सकते हैं। यहां का तापमान कम होता है और मौसम सुहावना होता है, जोकि आपको सुकून और राहत महसूस करवा सकता है। अक्तूबर से फरवरी के बीच घूमने जाने के लिए पचमढ़ी परफेक्ट जगह है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only | Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड 2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682